# खुले में शौच से मुक्त हुआ प्रस्फुटन ग्राम श्यामपुरा

म. प्र. जन अभियान परिषद् राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ में स्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति श्यामपुरा जिले का प्रथम ग्राम है, जो कि खुले में शौच से मुक्त हो गया है। जिसके लिये ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा महिलाओं को संगठित कर उनका एक समूह बनाया तथा ग्राम चौपाल का आयोजन किया जिसमें ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के साथ ग्राम को पूर्ण स्वच्छ व खुले में शौच से मुक्त करने के लिए निर्णय लिया गया। खुले में शौच करने और कूड़ा–कचरा फैलाकर गन्दगी करने वाले पर 500 रू. का जुर्माना भी निर्धारित किया। साथ ही उसके बाद भी नही मानने वालो पर प्रशासनिक कार्यवाही करने का तय किया और सभी ग्रामीणों को शौचालय बनवाने एवं उसका उपयोग करने तथा कूडे कचरे के सही निपटान हेतु 15 दिन का समय दिया गया तथा जो खुले में शौच जाते थे और जिनके घूडे (रोडी) फैले हुये थे उन्हें लिखित सूचना पत्र जारी किये। इस कार्य में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम की प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीति जाटव तथा द्वितीय वर्ष के छात्र सूरजसिंह जाटव का विशेष योगदान रहा। इसके पश्चात ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत से गांव के पात्र हितग्राहियों की सूची लेकर कार्य प्रारंभ किया। साथ ही समिति के सदस्यों ने अपने–अपने घरों में पहले शौचालयों बनाने के साथ काम शुरू किया। लगातार 15 दिवस के अन्दर पूरे ग्रामीण क्षेत्र मे शौचालय निर्माण किया गया। सभी ग्रामीणों के सहयोग से व समिति के प्रयासों से गांव पूर्ण खुले में शौच से मुक्त हो गया। इसी उपलक्ष्य में ग्राम उत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर राजगढ़ श्री तरुण पिथौड़े, क्षेत्रीय विधायक श्री गिरीश भण्डारी, एस.डी.एम श्री ऋषि गर्ग , जनपद पंचायत के सी.ई.ओ श्री आर.डी.एस राणा, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक अधिकारी श्री आलौक चौहान तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





**ग्राम में अन्य अनुकरणीय कार्य**

1. 100 प्रतिशत सी.एफ.एल युक्त ग्राम।
2. 100 प्रतिशत आधारकार्ड।
3. 100 प्रतिशत बैंक खाते।
4. 100 प्रधानमंत्री जन धन योजना में बीमा।
5. मुख्यमंत्री आवास योजना 70 प्रतिशत क्रियान्वयन।
6. महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सिलाई प्रशिक्षण।

**सम्मान–**

इस कार्य में समिति के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के छात्रों एवं ग्राम की महिलाओं ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने में अथक प्रयास किया तथा उन ग्रामीणों जिन्होंने स्वप्रेरित होकर शौचालय निर्माण कराया उन्हें समिति द्वारा सम्मानित कराया गया। उपस्थित सभी अथितियों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की तथा सभी ग्रामीणों को शुभकामनायें दी। समिति अगले चरण में 14 अप्रैल 2017 तक गांव को पूर्ण एल.ए.डी. युक्त करेगी तथा 100 प्रतिशत कार्यो की श्रृखला में एक और स्तम्भ जुड़ेगा।